महर्षिपाणिनिसंस्कृतवैदिकविश्वविद्यालयः
शैक्षणिकपरिसरः,(अभिलाषा कालोनी के सामने) देवासमार्गः उज्जैनम् 456010(म.प्र)
विभागाध्यक्षः
विश्वविद्यालयाध्यापनविभागः
दूरभाष – 9522228574 (कार्यालय)
E-mail –utdpanini@gmail .com
Website – www.mpsvvujjain.org

क्र. / पासंवि / अ.वि. / एल–1 / 17 / ९७५

उज्जैन, दिनांक : 29/ 12/ 2017

पाणिनि संस्कृत विश्वविद्यालय के छात्रों ने राष्ट्रीय योग प्रतियोगिता में प्राप्त किया स्वर्ण पदक

बालक वर्ग में दो स्वर्ण व बालिका वर्ग में हासिल किया एक रजत पदक।

उज्जैन– महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय उज्जैन मध्यप्रदेश शासन का एकमात्र संस्कृत विश्वविद्यालय है। इस विश्वविद्यालय के विद्यार्थी विगत वर्षो से राष्ट्रीय स्तर की अनेक प्रतियोगिताओं मे अव्वल आकर उज्जैन एवं मध्यप्रदेश का गौरव बढाते रहे है। मध्यप्रदेश के रतलाम जिले में दिनांक 25 से 27 दिसम्बर तक 04th राष्ट्रीय योग प्रतियोगिता का आयोजन अष्टांग योग संस्थान, नईदिल्ली व जवाहर व्यायामशाला के तत्वावधान में किया गया। यहॉ महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय के योग विज्ञान के छात्रों द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए दो स्वर्ण पदक व एक रजत पदक प्राप्त किया।

बालिका वर्ग में कु. नेहा धाकड ने 20 से 25 वर्ष आयु वर्ग में चैम्पियन ऑफ चैम्पियन प्रतियोगिता में सभी वर्ग के खिलाडियों को परास्त कर द्वितीय स्थान पर आकर रजत पदक प्राप्त किया। वहीं बालक वर्ग में छात्र प्रवीण पण्डया ने 40 से 45 वर्ष आयु वर्ग में देश भर के खिलाडियों को परास्त कर स्वर्ण पदक व छात्र शैलेन्द्र सिंह चौहान ने 35 से 40 वर्ष आयु वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक हासिल किया है।

उल्लेखनीय है कि 04th राष्ट्रीय योग प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों– गुजरात, महाराष्ट्र, राजस्थान, छत्तीसगढ, नईदिल्ली आदि से प्रतिभागीयों ने भाग लिया था। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर माननीय कुलपति प्रौ रमेशचन्द्र पण्डा, कुलसचिव श्री मनोज कुमार तिवारी, विभागाध्यक्ष डॉ. तुलसीदास परौहा, डॉ. उपेन्द्र भार्गव, डॉ. अखिलेश कुमार द्विवेदी, डॉ. संकल्प मिश्र, डॉ. शुभम शर्मा, डॉ. पूजा उपाध्याय व योगाचार्य व प्रशिक्षक डॉ. गगन सिंह ने बधाईयॉ देकर उज्जवल भविष्य की कामना की है।

दिनांक
सम्पादक महोदय
दैनिक..................................
आपके लोकप्रिय समाचार पत्र में सादर प्रकाशन हेतु प्रेषित।

29/12/17
विभागाध्यक्ष